हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

11 धमनी में हुई स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति की बैठक


12 भगवान के चरण जहां-जहां पड़े वे सभी पावन धाम, रामायण मेला में सभी तीर्थों को प्रणाम




## खबर संक्षेप



### प्रतीक्षालय बना नशेड़ियों का अड्डा, गंदगी का आलम

**पलारी।** महाविद्यालय स्थित रसौटा मोड़ पर बना यात्री प्रतीक्षालय इन दिनों नशेड़ियों का सुरक्षित अड्डा बना हुआ है। शाम को अंधेरा होते ही नशेड़ी यहां इकट्ठा होकर जाम छलकाते नजर आ जाएंगे। बलौदाबाजार-रायपुर मुख्य मार्ग पर महाविद्यालय के निकट स्थित यात्री प्रतीक्षालय शाम होते ही सुना हो जाता है जिसका फायदा नशेड़ी उठा रहे हैं तथा शराब पीने के बाद शिशी, डिस्पोजल, पानी पाऊंच या चखने में इस्तेमाल होने वाले चीजों को छोड़कर चले जाते हैं, जिससे प्रतीक्षालय में गंदगी पसरी हुई है इतना ही नहीं यात्रियों की सुविधा के लिए लगाई गई टाइल्स को भी उखाड़कर ले गए हैं या तो वहीं पर तोड़ दिया गया है। गौरतलब है कि पलारी के आसपास से पढ़ने वाले महाविद्यालयिन विद्यार्थी तथा आम यात्री यहां रूककर गंतव्य की ओर जाने वाली वाहनों का इंतजार करते हैं, लेकिन गंदगी देखकर प्रतीक्षालय के बाहर ही खड़े होकर अपने वाहन का इंतजार करना मजबूरी हो गई हैं।

### देवर ने भाभी से की मारपीट



**महासमुंद।** डिश टीवी की छतरी तोड़ने को लेकर हुए विवाद में देवर ने भाभी के साथ मारपीट कर दी। बसना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तोषगांव निवासी व प्रार्थी निराकार यादव का भाई नीलमणी ने उसके घर में लगे डिश टीवी की छतरी को तोड़ दिया था। जिसे लेकर 2 दिसंबर को उसकी पत्नी सायबानी यादव के साथ दोपहर 02.30 बजे नीलमणी ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए किसी धारदार वस्तु से मारा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** बहन से बात करने की बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि मछली मार्केट वार्ड 11 निवासी राहुल यादव 2 दिसंबर की शाम करीब 5.30 बजे मछली मार्केट आंगनबाडी के पास अपने दोस्त दादू निर्मलकर के साथ खड़ा था। उसी समय बुगलू चौक निवासी ओम दुबे आया और मेरी बहन से बात करता है कहते हुए राहुल के साथ मारपीट करने लगा, इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुये अपने पास में रखे धारदार नुकीली वस्तु से मारपीट किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### किसान के घर से चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कसहीबाहरा के एक किसान के घर से सोने के आभूषण व मोबाइल चोरी की घटना हुई है। पुलिस न बताया कि प्रार्थी अवधराम पटेल के घर से 28 नवंबर की रात किसी अज्ञात चोर ने कमरे के आलमारी में रखे सोने के आभूषण एवं दो नग वीवो कंपनी का मोबाईल चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# सत्यापन शुल्क के नाम पर नाप तौल विभाग के लाइसेंसधारी कर रहे वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले में इन दिनों नाप तौल विभाग द्वारा लगातार कैम्प लगाकर तराजू बांट एवं इलेक्ट्रॉनिक मशीन का सत्यापन किया जा रहा है, लेकिन विभाग के नियमों को दरकिनार करते हुए यहां विभाग के अधिकारियों के संरक्षण पर जमकर वसूली की जा रही है। विदित हो कि कर्मा भवन कसडोल में कैम्प लगाकर विभाग के लाइसेंसीधारियों द्वारा मंगलवार को कसडोल के व्यापारियों को नोटिस देकर तराजू बॉट की जांच के लिए बुलाया गया, जहां लाइसेंसधारियों द्वारा सील, जांच सहित रिपेयरिंग के नाम पर नियम के विपरीत अतिरिक्त पारिश्रमिक शुल्क लिया गया। जबकि मौके पर लाइसेंसधारी कर्मचारियों के अलावा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को मौजूद रहना चाहिए, लेकिन मौके पर विभाग के कर्मचारी नदारद रहें। कई घंटों तक व्यापारियों से मनमाना शुल्क वसूली करते रहे। कसडोल नगर के व्यापारी हृदय जायसवाल, मनीष कुमार साहू सहित यशवन्त जायसवाल ने कहा कि विभाग द्वारा नियमों विपरीत राशि वसूली जा रही है। तराजू-बांट सत्यापन का शुल्क लेने के अलावा मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। सूत्रों के अनुसार नियमों के तहत बिना सर्विस किये चार्ज अप्लाई करना गैर कानूनी है, लेकिन यहां अधिकारियों के संरक्षण में ही वसूली की गई। इधर मीडिया की सूचना पर बाद में पहुंचे नाप तौल के निरीक्षक दामोदर वर्मा ने कार्रवाई की जगह उल्टा वसूली करने का बढ़ावा देते दिखे।

## बिना सर्विस के वसूली से व्यापारी नाराज

### नियम विरुद्ध होने पर होगी कार्रवाई

यहां तराजू सत्यापन के साथ सत्यापन सील के लिए शुल्क लिया जा रहा है, उसके अलावा सर्विस किये तराजू से शुल्क लिया जाना है, अगर नियम विरुद्ध शुल्क लिया गया तो लाइसेंसधारी को नोटिस जारी किया जायेगा।

**-दामोदर वर्मा,** निरीक्षक नापतौल विभाग, बलौदाबाजार



### जांच के नाम पर वसूली

मंगलवार को रिपेयरिंग के लिए पहुंचे लायसेंसधारी तराजू सत्यापन हेतु व्यापारियों को बुलाया गया था, जिनसे शासकीय सत्यापन शुल्क के अलावा क्षमता के मुताबिक सर्विस चार्ज लिया जा रहा था। इधर रिपेयरिंग कर रहे शेख निरूदीन जो बतौर रिपेयरिंग का काम करते हैं, उन्होंने मीडिया से कहा कि शासन से कोई तनख्वा नहीं मिलने के कारण सत्यापन करने के साथ ही आमजन से सर्विस शुल्क लिया जा रहा है, लेकिन यहां गौर करने वाली बात यह है कि यहां व्यापारियों के तराजू पर तकनीकी खराब होने पर ही शुल्क लिया जाना था, लेकिन यहां तो सब सही की तर्ज पर सबसे सर्विस चार्ज जोड़ पैसा उगाही की जा रहा थी।

प्रेसवार्ता

# विधायक अनुज ने सरकार की गिनाई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर विश्राम गृह में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक अनुज शर्मा ने सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र लेकर कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री अवास योजना हो उसे पूरा किया। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वस्थ संबंधित योजना को जमीन में लाकर



आम लोगों को लाभ पहुंचाया है। अपने विधानसभा क्षेत्रंतर्गत कराए कार्यों को गिनाते हुए बताया कि 1 हजार 601 करोड़ लागत से सड़क निर्माण कार्य, जिसमें खरोरा के गौरव पथ, नायकटाड से खरोरा शहर तक फोर लाइन सड़क निर्माण 20 करोड़ शामिल है। स्कूल, कालेज भवन निर्माण 1 करोड़ 93 लाख, प्रधानमंत्री आवास 144 गांवों में 6626, महतारी वंदन में 91 लाख 7 हजार से अधिक महिलाओं 1 हजार रूपये का लाभ प्रतिमाह मिल रहा है। 5 पंचायतों में 146 लाख महतारी सदन, 6 पंचायतों में 116 लाख का सामुदायिक भवन, 16 पंचायतों 2 करोड़ लागत से सीसी रोड, भवन, यात्री प्रतीक्षालय निर्माण, विधायक व प्रभारी मंत्री निधि से 90 पंचायतों में सेड, सीसी रोड, रंगमंच सहित विभिन्न कार्य लागत 453 लाख, सांसद निधि से 50 लाख व धरसींवा विधान सभा ▶▶ शेष पेज 11 पर

## विरोध : धरना प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों का विरोध, सनातनी में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारत के पड़ोसी मूल्क बांग्लादेश में बीते दिनों हुए सत्ता परिवर्तन के बाद हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों के विरोध में बलौदाबाजार जिले के हिन्दू धर्मावलंबी में आक्रोश की लहर मंगलवार को नगर के गार्डन चौक में नजर आई। हिन्दू रक्षा मंच के तत्वावधान में मंगलवार को गार्डन चौक में दोपहर 2 बजे जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस आयोजन में जिले के विभिन्न गांवों, मोहल्ले आदि से बड़ी संख्या में मातृ शक्ति, गणमान्य नागरिक, सामाज प्रमुख तथा हिन्दुत्वनिष्ठ संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का शुभारंभ विजय महामंत्र के साथ किया गया। कार्यक्रम को डॉ. ओमप्रकाश शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, खोडश राम कश्यप केन्द्रीय अध्यक्ष वर्मा सामाज, ईशान वैष्णव प्रतिनिधि वैष्णव सामाज, श्याम केसरवानी अध्यक्ष केशरवानी सामाज, किरण वर्मा आर्ट ऑफ लिविंग, धनंजय साहू प्रतिनिधि साहू समाज, सनम जांगड़े जिला अध्यक्ष भाजपा, थानेश्वर वर्मा जिला संयोजक हिन्दू जागरण मंच, कृष्णा अवस्थी जिला मंत्री भाजपा, मिना साहू, पतंजलि योग परिवार, साधना तिवारी संस्कृत भारती, शालीन साहू सामाजिक कार्यकर्ता आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रघुनंदन बघमार तथा हेमंत टिकरीहा ने किया।

वहीं ज्ञापन वाचन तथा आभार प्रदर्शन अभिषेक तिवारी जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा बांग्लादेश के हिन्दू समाज सहित बांग्लादेश में अल्पसंख्यक सभी समाजों की दशा तथा बांग्लादेश में लोकतांत्रिक मुल्यों की हत्या, मानवाधिकार की हत्या आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। केन्द्र सरकार से इस विषय पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव निर्माण तथा बांग्लादेश के हिन्दू समाज सहित सभी अल्पसंख्यकों की हर संभव मदद करने का आह्वान किया।

कार्रवाई

# जिले के 3 शिक्षक और 2 सहायक ग्रेड बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ लंबे समय से अनुस्थित कर्मचारियों पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित 3 शिक्षकों एवं 2 सहायक ग्रेड तीन पर सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर उन्हें शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इसमें विकासखण्ड सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला रिंगनी में पदस्थ सहायक शिक्षक अमित बहादुर, प्राथमिक शाला मोपर के सहायक शिक्षक कल्पना कश्यप, प्राथमिक शाला छेरकाडीह के सहायक शिक्षक गीतेंद्र सिंह ध्रुव एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय केसदा सहायक ग्रेड तीन शरद कुमार यादव, विकासखण्ड सिमगा के उच्च माध्यमिक विद्यालय कामता सहायक ग्रेड तीन गौरव कुमार साहू शामिल हैं। उपरोक्त कर्मचारीगण अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरुध्द अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए कार्य से पृथक कर दिया गया है। इनके द्वारा मूलभूत नियम 18 एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) (एक) (दो) (तीन) तथा अवकाश नियम 7 निहित नियमों के विपरीत पाया गया, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है।

# नेताम बने बिलाईगढ़ ब्लॉक के विकासखंड स्रोत समन्वयक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रिकोटार के प्रधान पाठक को प्रभारी विकासखण्ड स्रोत समन्वयक बनाये जाने पर क्षेत्र के शिक्षक-शिक्षिकाओं में हर्ष है। पूर्व में भी शिक्षक फणेन्द्र सिंह नेताम शिक्षकीय कार्यों के साथ-साथ विकासखण्ड स्तर के कई अहम महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन चुके हैं। श्री नेताम के स्रोत समन्वयक बिलाईगढ़ बनने पर सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ द्वय राजेश कुमार भोई, दिव्य प्रकाश सोनी, प्रधान पाठक पंकज दुबे, बालवाड़ी ब्लॉक नोडल शिक्षक संजीवराजेत्री, शिक्षक देवेंद्र देवांगन, टुण्डरी संकुल समन्वयक हेमचन्द्र साहू, ▶▶ शेष पेज 11 पर

# कलेक्टर ने जिले के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और लंबित शिकायतों की कलेक्टर धर्मेश साहू ने समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर धर्मेश साहू ने ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और जलापूर्ति से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने धान खरीदी, राजस्व प्रकरण सीमांकन, रिकॉर्ड दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, ग्रामीण और शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा आदि योजनाओं और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अंतर्विभागीय कार्य में आपसी समन्वय से काम करें और जिले में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर धर्मेश साहू ने सभी विभागों से उनकी प्रगति रिपोर्ट मांगी और अगली बैठक तक सभी कार्यों को समय सीमा में पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले के नागरिकों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना है और इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारी इमानदारीपूर्वक लगन से कार्य करें। इस अवसर पर जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।



# भाजपा सरकार में किसानों को धान बेचने में हो रही समस्या : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ अभियान में शामिल हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को बलौदाबाजार जिला के कसडोल कांग्रेस भवन पहुंचे। जहां कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चन्दन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम सहित कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जमकर आतीबाजी कर अपने नेता भूपेश बघेल का स्वागत किया। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री के साथ कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर सहित कांग्रेस के कई दिग्गज मौजूद रहे। विदित हो कि कांग्रेस द्वारा 26 नवंबर से 26 जनवरी 60 दिवसीय संविधान रक्षक दिवस मनाया जा रहा है। वहीं मीडिया से चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कसडोल ब्लॉक कांग्रेस भवन में आज संविधान सुरक्षा की शपथ ली गई। साथ ही श्री बघेल ने कहा कि हमारे शासन काल में कभी किसानों को धान बेचने में कोई तकलीफ नहीं आयी, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार के शुरुआती कार्यकाल में ही किसानों को धान बेचने में समस्या आ रही है। कभी बारदानों को लेकर, कभी धान खरीदी केंद्रों सोसायटी में लिमिट खरीदी कर दी गई है, जिससे किसान परेशान और असंतुष्ट है। कांग्रेस किसान और जनता की समस्या को सरकार के समक्ष रखेगी।

## ढोल नगाड़ों और राउत नाचा से सांसद बृजमोहन का स्वागत

# महतारी वंदन योजना से घर-घर हो रहा लक्ष्मी का आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ तुलसी में करोड़ों के विकास कार्य के लोकार्पण एवं भूमि पूजन में शामिल हुए सांसद बृजमोहन और शिवरतन शर्मा

ग्राम पंचायत तुलसी में करोड़ों रुपए के विकास कार्य के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल व प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा का सरपंच एवं ग्राम ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़ों एवं राउत नाचा के साथ स्वागत किया गया।




उपस्थित जनसमूह को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सरपंच ने गांव के विकास के लिए जो मांग की, उसे हमने पूरा किया है। आगे भी जो विकास कार्य की मांग होगी, उसे भी पूरा किया जायेगा। पहले आप लोगों को अपना धान बेचने के लिए ढेकुना जाना पड़ता था, लेकिन अब आप अपने ही ग्राम तुलसी में ही धान खरीदी केन्द्र खोलकर आप लोगों की समस्या का निदान भाजपा सरकार में ही हुआ है। तुलसी ग्राम में बाजार परिसर, पानी टंकी, सीसी रोड, दुर्गा मंच, गौरा चौरा जैसे करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं को प्रतिमाह हजार रुपए देने का कार्य भाजपा सरकार ही कर रही है। भाजपा सरकार में आज महतारी वदंन योजना से घर-घर धनलक्ष्मी आ रही है।

कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव में किए गए विकास कार्यों का लाभ आप सबकों मिलेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच हेमलता तिवारी, भाजपा नेता अनिल पांडे, आनंद यादव, चंद्रमणि तिवारी, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, हेमसिंह चौहान, मोहन साहू, हेमंत साहू, मनोज चौबे सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### ट्रांसजेंडर समुदाय के आश्रय स्थल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रमा फाउंडेशन संस्था द्वारा 1 दिसंबर को सरोना में स्थित ट्रांसजेंडर समुदाय के आश्रय स्थल गरिमा गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम-सह-परिचर्चा समत्व–2024 का आयोजन किया। इस मौके पर संस्था के सचिव राजकुमार मिश्रा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति आम जनमानस की भ्रांतियों को दूर करना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अवसर प्रदान करना था। यह आयोजन प्रमा फाउंडेशन के अपनी स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किया था। कार्यक्रम में हेमलता मोंगरे, उषा साहू, रजनी ठाकुर ,पीयूष साहू, सौरभ सेन, दुर्गेश निषाद, भूपेंद्र नायक एवं सूरज जाना ने अपना समय और सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाज के सेवक बसंत अग्रवाल और छत्तीसगढ़ पुलिस, एस. झा, वरिष्ठ समाज सेविका उमा स्वामी एवं युवा रायपुर के संस्थापक एम. राजीव, विद्या राजपूत समेत अन्य उपस्थित रहे।

### शीतलहर से बचाने अनेक स्थानों में जलाए अलाव



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए नगर निगम ने कई सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है। इसके तहत अंतर्राज्यीय बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ऑटो स्टैंड सहित कई जगहों पर रात के समय अलाव जलाए जा रहे हैं। अलाव जलने से यात्री और बेघर लोगों को ठंड से काफी राहत मिल रही है।

### बढ़ने लगी ठंड, स्कूलों के समय में बदलाव की उठी मांग

**रायपुर।** चक्रवाती तूफान का असर खत्म होते ही प्रदेश में बढ़ने वाली ठंड को देखते हुए सुबह की पाली में लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से शालाओं के समय में परिवर्तन करने की मांग की है। सरगुजा, बस्तर संभाग के अलावा मैदानी क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव देखा जा रहा है। दिन छोटा होने के कारण स्कूल से लौटते छात्र अंधेरे में घर पहुंच रहे हैं, जो असुविधाजनक है। सुबह की पाली में अधिकांशतः छोटे बच्चों की शालाएं लगती हैं। बढ़ती ठंड उनके सेहत पर विपरीत असर डाल सकती है। वर्तमान में प्रदेश में चक्रवात के कारण तापमान न्यूनतम स्तर पर जा रहा है। आने वाले समय में ठंड के और बढ़ाने की संभावना है। इसके अलावा वर्तमान में दिन की अवधि छोटी हो रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक पाली की शालाओं को प्रातः 11 बजे से 3.30 बजे तक और दो पाली की शालाओं को प्रथम पाली प्रातः 8.30 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की शालाओं को 12.30 से 4 बजे तक संचालित किया जाने की मांग की है।

### रायपुरा रिंगरोड से महादेवघाट तक सड़क से हटाए अवैध कब्जे



**रायपुर।** राजधानी रायपुर की सड़कों को सुगम बनाने की दिशा में सोमवार को जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रायपुरा रिंगरोड से लेकर महादेवघाट तक की सड़क को अवैध कब्जों से मुक्त कराया। इस दौरान टीम ने सड़क के दोनों ओर लगे 30 से अधिक ठेले-गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 15 दुकानों के सामने नाले पर कब्जा कर बनाए गए पक्के अवैध पाटे भी थ्रीडी मशीन से तोड़े गए।

# प्रीपैड मीटर देंगे बकाएदारों को तगड़ा झटका, पॉवर कंपनी को मिलेगी बकाया से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक पांच लाख से ज्यादा मीटर बदले जा चुके हैं। अगले साल सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोस्टपैड से प्रीपैड हो जाएंगे।

ऐसा होने से पॉवर कंपनी को बकाया से मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन बकायेदारों को जरूर जोर का तगड़ा झटका लगेगा। जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, उनको किस्तों में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी, इसके लिए उपभोक्ताओं को 300 दिनों का समय देने की योजना है। अगर कोई उपभोक्ता 300 दिनों के बाद भी बकाया का भुगतान नहीं करता है तो फिर उनका कनेक्शन कट हो जाएगा और रीचार्ज कराने पर बकाया होने के कारण बिजली नहीं मिल पाएगी।

केंद्र सरकार ने देश के हर राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया है। इसका राजपत्र में भी प्रकाशन हो चुका है, ऐसे में कोई भी राज्य स्मार्ट मीटर लगाने से मना नहीं कर सकता है। अपने राज्य में इन मीटरों को लगाने का काम दे दिया गया है। प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम कर रही है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी मीटर लगा रही, बाकी संभागों में जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

## कनेक्शन प्रीपैड होने पर बकाया जमा करने मिलेगा 300 दिनों का समय

### बकायादार बड़ी समस्या

अभी प्रदेश में जो बिजली के उपभोक्ता हैं, उनमें से करीब दस लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली बिल बकाया है। इन उपभोक्ता का बकाया करीब हजार करोड़ से ज्यादा का है। कोरोना काल में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल जमा न करने वालों की बिजली नहीं काटी गई थी। ऐसे में बकाया एक समय तो दो हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया था। बाद में लगातार वसूली से बकाया कम हुआ है। लेकिन अब भी हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। बकायादारों में लाखों की संख्या में बीपीएल उपभोक्ता भी हैं। इन्होंने बरसों से बकाया जमा नहीं किया है, लेकिन इनकी बिजली कभी कटती नहीं है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। बीपीएल के बकायेदारों से वसूली बड़ी समस्या होगी।



### ज्यादा बकाया भी एक समस्या

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लिए कम राशि वाले बकायादार कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हर उपभोक्ता का दो माह के बिजली बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जमा रहती है। जब स्मार्ट मीटर लगने के बाद कनेक्शन को प्रीपैड किया जाएगा तो कम राशि वाले बकायेदारों का बकाया सुरक्षा निधि से भी काट जा सकता है, जो पैसा बचेगा, वह वापस हो जाएगा। लेकिन जिनका बकाया सुरक्षा निधि के काटने के बाद भी बच जाएगा, उसकी वसूली के लिए पॉवर कंपनी ने 300 दिनों के अंदर किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देने की योजना तैयार की है।

# मच्छर मुक्त करने पायलट प्रोजेक्ट का ठेका होगा रद्द, ग्रेस फुल कंपनी पर की जाएगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम रायपुर क्षेत्र में मच्छर उन्मूलन के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत दिया गया ठेका रद्द होगा। करोड़ों रुपए का होर्डिंग्स बकाया राशि का भुगतान नहीं करने के मामले में ग्रेस फुल कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि एमआईसी निर्णय लिया है कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत मच्छर उन्मूलन के लिए दुर्ग की एजेंसी को ठेका दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस ठेके को रद्द कर मच्छर उन्मूलन के लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। इस टेंडर के अनुसार ही ठेका दिया जाएगा। महापौर ने यह भी कहा कि ग्रेस फुल कंपनी पर करोड़ों रुपए बकाया है। इसके लिए 14 बार नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद भी कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया है। कंपनी ने 20 लाख रुपए के दो चेक जमा कराए थे वे भी बाउंस हो गए थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब कंपनी पर कार्रवाई कर धारा 138 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी, साथ ही कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

■ अब कंपनी पर कार्रवाई कर धारा 138 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी

### श्मशान घाट के गार्ड के मासिक वेतन में 15 सौ की वृद्धि

निगम मुख्यालय में सोमवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इस बैठक में 15 एजेंडों पर चर्चा हुई, जिसमें कई एजेंडे पारित किए गए। पारित किए गए एजेंडों में निगम क्षेत्र के श्मशान घाट में काम करने वाले गार्ड के वेतन में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है। अब तक गार्ड को 15 सौ मासिक वेतन दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 3 हजार किया है। इसी प्रकार बैठक में भक्तमाता कर्मा वार्ड क्रमांक-67 के अंतर्गत कुशालपुर फ्लाई ओव्हर से चिंगरी नाला तक नाला निर्माण, जोन-5 के ठाकुर प्यारेलाल वार्ड-40 में 4 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से गौतम नगर में कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, 10 लाख की लागत से स्थल परिवर्तन कर मंगल बाजार में कार्यालय भवन का निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसी प्रकार निगम में कार्यरत 9 कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए 7 लाख 79 हजार 625 रुपए व्यय राशि को स्वीकृति दी गई है। एमआईसी ने निराश्रित पेंशन योजना के 129 पात्र एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 50 पात्र नये आवेदनों को भी स्वीकृति दी है।




### मेडिकल बिल के लिए केस लैस कार्ड बनेगा हास्पिटल भी निर्धारित होंगे

एमआईसी ने मेडिकल बिल को लेकर भी एक निर्णय लिया है। एमआईसी का मानना है कि मेडिकल बिल के नाम पर अधिकारियों द्वारा बार-बार बिल लगाए दिए जाते हैं, जबकि साल में 15 लाख रुपए निर्धारित है। एमआईसी ने इसे देखते हुए अब केस लैस कार्ड बनाने का फैसला लिया है। इसके लिए हॉस्पिटल भी निर्धारित किए जाएंगे, जहां कर्मचारी केस लैस कार्ड के माध्यम से अपना ईलाज करा पाएंगे।

### शास्त्री बाजार में प्रवेश शुल्क-साइकिल स्टैंड के लिए निकलेगा टेंडर

बैठक में शास्त्री बाजार में प्रवेश शुल्क व सायकल स्टैंड के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके अलावा शशिबाला स्कूल में नवीन कमरा निर्माण, जोन 8 के रामकृष्ण परमहंस वार्ड अंतर्गत आने वाले मंगल सामुदायिक भवन का नामकरण विद्यानंद तिवारी के नाम से करने की अनुशंसा की गई है।

### पीएम आवास के तहत फार्म वितरण पर हुई चर्चा महापौर ने सरकार पर साधा निशाना

एमआईसी की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वितरण किए जा रहे फार्म को लेकर भी चर्चा की गई। महापौर ने इस मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत उन लोगों को भी फार्म बांटे जा रहे है जो अपात्र है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में नगर निगम चुनाव होने है। अपात्र लोगों को फार्म बांटने से बाद निगम प्रशासन की परेशानी बढ़ेगी, क्योंकि जिन अपात्र लोगों को फार्म दिए जा रहे वे लोग चुनाव के बाद आवास योजना पाने के लिए आवेदन करेंगे। इस तरह देखा जाए तो नगरीय निकायों में चुनाव को प्रभावित करने के लिए सरकार ये फार्म बांट रही है।

### चुनाव कैसे भी होगा महापौर पद पर कांग्रेस ही बैठेगी

महापौर ने महापौर पद के लिए सीधे चुनाव को लेकर कहा कि चुनाव चाहे कैसे भी हो, लेकिन यह तय है कि महापौर के पद पर कांग्रेस ही बैठेगी। उन्होंने कहा कि पिछले सरकार में यह निर्णय जरूर लिया गया था कि डायरेक्ट चुनाव हो। इसके पहले भी डायरेक्ट चुनाव होते रहे है, फिर इनडायरेक्ट चुनाव हुआ। सरकार ने फिर फैसला लिया है कि महापौर का चुनाव डायरेक्ट हो, इसलिए यह कोई नया फैसला नहीं है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि लगता है कि चुनाव कराने में सरकार डर रही है, क्योंकि चुनाव के लिए अब तक तारीख की घोषणा नहीं की गई है। दिसंबर का महीना शुरू हो गया है, लेकिन अब तक न आरक्षण की प्रणाली हुई है और न ही इस बारे में कोई जानकारी मिली है। इससे यही लगता है कि सरकार जल्दी चुनाव नहीं चाहती है। सरकार को चुनाव हारने का डर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में लॉ एंड ऑडर बिगड़ा हुआ हैं, जिस तरह से रायपुर चाकूपुर हो गया है और छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है, इसलिए सरकार कहीं न कहीं इन सब में नियंत्रण चाहती है, जो हो नहीं पा रहा है, इसलिए सरकार नगरीय निकाय चुनाव कराने में डर रही है।

# महिला डाक्टर से दुर्व्यवहार जिला अस्पताल का सिविल सर्जन निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महिला चिकित्सा अधिकारी से आपत्तिजनक व्यवहार करने के मामले में गरियाबंद जिला अस्पताल के सिविल सर्जन को निलंबित कर दिया गया है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच हुई थी, जिस पर उसे दोषी पाया गया था। रिपोर्ट के आधार और मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर उसे निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार महिला डाक्टर ने सिविल सर्जन डा. एमके हेला के खिलाफ मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया था। जांच की सौंपी गई रिपोर्ट में तर्क दिया गया था कि डॉ. हेला द्वारा जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है, वह अभद्रता की श्रेणी में आता है। यह कृत्य कदाचरण की परिश्रेणी में आता है तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के सर्वथा विपरीत है। मामले की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तक पहुंची, तो उन्होंने सिविल सर्जन पर आवश्क कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत निलंबित कर दिया गया है।

■ स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर जारी हुआ आदेश

### धूमधाम से 18 को मनाई जाएगी गुरु घासीदास जयंती

**रायपुर।** 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाई जाएगी, इसे लेकर सतनाम समाज के लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है शोभायात्रा के साथ जयंती में किन-किन आयोजनों को पूर्ण करना है इसे लेकर समाज के पदाधिकारी और सदस्य बैठक कर इन सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को गुरु घासीदास गृह निर्माण सहकारी संस्था की बैठक हुई। बैठक में संस्था के अध्यक्ष एसके सोनवानी, डॉ. शकुंतला डेहरे, बीपीएस नेताम, एचएल रात्रे, डॉ. हिरामन बंजारे, कुलदीप जांगड़े, सुमन चतुर्वेदी, एनआर टोंडर, टीएस चतुर्वेदी, नंदकुमार कोशले, ननकूराम कुशवाहा और स्वाति कोशले आदि शामिल रहे।

# एक तरफ चोरी करने रैकी कर रहे दूसरी ओर सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बदमाशों के साथ चोर, पुलिस को लगातार चुनौती देते आ रहे हैं। टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक कोलोनी में चोरों द्वारा कालोनी में चोरी करने रैकी करने का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। दूसरी घटना में चोर एक टेक्नालॉजी कंपनी के एचआर के सूने मकान में धावा बोलते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक लालपुर, जैनम विहार कालोनी निवासी अमित कुमार रावत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अमित ने पुलिस को बताया है कि पिछले महीने 29 नवंबर को वह अपने परिवार के साथ जबलपुर गया था। रविवार सुबह अमित जबलपुर से लौटा, तो उसने देखा कि हाल के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। कमरे की कुंडी खुली हुई थी। चोर अलमारी का लॉक तोड़ लॉकर में रखे नकदी दस हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे।



*कालोनी में रैकी करते दिखे चार शातिर :* एक अन्य घटना में टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित आकृति विहार में चार शातिरों का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें एक बदमाश के हाथ में रॉडनुमा हथियार दिख रहा है। दो बदमाश एक मकान की तरफ जाते दिख रहे हैं। एक बदमाश आने-जाने वाले लोगों की निगरानी करता दिख रहा है। चौथा बदमाश आसपास के मकानों की टोह लेते दिख रहा है। कुछ देर कालोनी में विचरण करने के बाद चारों बदमाश एक साथ जाते दिख रहे हैं।

# आगे बढ़ा चक्रवात, बादल छंटते ही दो दिन में ठंड की वापसी

## पांच डिग्री तक लुढ़केगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला चक्रवात आगे बढ़ चुका है। इसकी वजह से प्रदेश में छाए बादल भी छंटने लगे हैं और तापमान चढ़ने लगा है। रविवार को 22 डिग्री तक जा चुका अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर पहुंच गया। राज्य में दो दिन बाद तापमान में चार से पांच डिग्री तक गिरावट होने की वजह से ठंड की वापसी की उम्मीद है।

रविवार को बदले मौसम में सोमवार को सुधार आया। राजधानी समेत प्रदेश में बादल छाए रहे मगर बारिश की गतिविधि बस्तर के एक दो स्थानों पर सीमित रही। शहर में छाए बादल में थोड़ी कमी आई जिसकी वजह से तापमान अपनी सामान्य स्थिति में आ गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि चक्रवात अब कमजोर हो चुका है। बादलों की वजह से पूर्व से आने वाली नमी युक्त हवा ही रह गई है जो दिन में बदलने के आसार है। चार दिसंबर के बाद यहां रात के तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ने के आसार हैं। इसके बाद तीन से चार दिन तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी और संभवतः नौ दिसंबर को आने वाला पश्चिमी विक्षोभ पुनः बारिश का कारण बन सकता है।

■ तीन से चार दिन तक कड़ाके की ठंड फिर पश्चिमी विक्षोभ बदलेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि नमी का ज्यादा असर बस्तर में हो रहा है। इसकी वजह से अगले दो दिन वहां बारिश की गतिविधि रह सकती है। शेष इलाकों में दिन में धीरे-धीरे आसमान साफ होने के साथ दिन के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। बादल खुलने की वजह से रात में बढ़ती ठंड महसूस होने के आसार हैं।

# रात में रेत का अवैध कारोबार, दूसरे जिलों से आ रही गाड़ियां, 15 पकड़ी गईं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग की लगातार की जा रही कार्रवाई के बाद अब रेत माफिया भी अलर्ट हो गए है और दिन की जगह रात में रेत का अवैध कारोबार करने लगे हैं।

यही कारण है कि जिले की विभागीय टीम रात में भी निरीक्षण पर निकल रही है और इस अवैध कारोबार में संलिप्त रेत से भरी गाड़ियों को पकड़ने के साथ उनके मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई कर जुर्माना राशि वसूल रही है। इसी कड़ी में विभागीय टीम ने दो दिन में रेत से भरी 15 गाड़ियों को पकड़ा है, जिन पर कार्रवाई करते हुए करीब चार लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है।

### बिना रायल्टी पर्ची के किया जा रहा था परिवहन

विभाग की टीम ने खनिज प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को रात में गश्त करते हुए नवा रायपुर, अभनपुर, मंदिर हसौद, खरोरा एवं आरंग क्षेत्र में 15 गाड़ियों को पकड़ा। इन सभी गाड़ियों में रेत भरी हुई थी। टीम ने गाड़ियों के चालकों से पूछताछ की, तो पता चला कि इनमें से किसी भी गाड़ी की रायल्टी पर्ची कटी नहीं है। सभी गाड़ियों में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था।



### गरियाबंद व महासमुंद जिले की रेत घाटों से लाई गई थी रेत

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन गाड़ियों को पकड़ा गया है, उनमें रेत की लोडिंग महासमुंद और गरियाबंद जिले के घाटों से की गई थी। हालांकि गाड़ी के साथ पकड़े गए चालक रायपुर, तिल्दा के साथ खैरागढ़ एवं बेमेतरा के रहने वाले हैं। कार्रवाई के बाद सभी गाड़ियों को जब्ती बनाकर संबंधित थानों में खड़ा कराया गया है।

### रात में टीम भेजकर की जा रही कार्रवाई

जिले में दूसरे जिलों से रेत का अवैध परिवहन कराया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर अब रात में विभाग की टीम को निरीक्षण पर भेजकर कार्रवाई कराई जा रही है। रेत से भरी 15 हाईवा गाड़ियों को पकड़ा गया है। इन गाड़ियों से महासमुंद और गरियाबंद जिले से अवैध रूप से रेत लाई जा रही थी। *- केके गोलघाटे, उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर*

## रायपुर शहर और ग्रामीण का जिम्मा पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को

# भाजपा के संगठन चुनाव के लिए 17 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, आज से मंडल अध्यक्षों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। बूथों कमेटियों के गठन के साथ ही अब मंगलवार से मंडल अध्यक्षों का चुनाव प्रारंभ होगा। इसके बाद जिलाध्यक्षों का चुनाव होगा। प्रदेश संगठन ने चुनाव के लिए प्रदेश भर के जिलों के लिए 17 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। रायपुर शहर और ग्रामीण के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को पर्यवेक्षक बनाया गया है। सोमवार को सभी जिलों में कार्यशाला का आयोजन करके चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए सबसे पहले राज्यों में चुनाव कराए जा रहे हैं। अपने प्रदेश में भी चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण में बूथ कमेटियां का चुनाव हो रहा है। वैसे तो सभी बूथों में 30 नवंबर तक चुनाव हो जाना था, लेकिन अब तक 70 फीसदी बूथों में ही चुनाव हो पाने के कारण पांच दिसंबर तक समय बढ़ाया गया है। अब 3 से 15 दिसंबर तक पहले मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसके लिए दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला की गई है। इसमें जिलों के चुनाव प्रभारियों ने चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी है।

### किसको कहां का जिम्मा

मंडल और जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए प्रदेश संगठन ने दो से तीन जिलों के लिए एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्ति किया है। रजनीश सिंह को कोरिया, मनेंद्रगढ़, राजा पांडे को बस्तर, कोंडागांव, भूपेंद्र सवन्नी को रायगढ़, जशपुर, अनुराग सिंहदेव को दुर्ग, भिलाई, सौरभ सिंह को कोरबा, सूरजपुर, संजय श्रीवास्तव को बलौदाबाजार, धमतरी, जगदीश रामू रोहरा को कवर्धा, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गड़ई, रामजी भारती को महासमुंद गरियाबंद, भरत वर्मा को कांकेर, बालोद, विकास मरकाम को नारायणपुर, सुकमा, भीमसेन अग्रवाल को राजनांदगांव, मोहला मानपुर, शंकर लाल अग्रवाल को बिलासपुर, गोरेला पेंड्रा-मरवाही, निरंजन सिंहा को मुंगेली, सारंगढ़-बिलाईगढ़, नारायण चंदेल को रायपुर शहर और ग्रामीण, रामसेवक पैकरा को जांजगीर-चांपा, सक्ती, अशोक बजाज को बीजापुर, दंतेवाड़ा और नरेश नंदे को सरगुजा और बलरामपुर का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

# जनता द्वारा महापौर, पालिका अध्यक्ष चुनने के कैबिनेट के फैसले का किरण देव ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



यह जनता की ताकत बढ़ाने वाला फैसला

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ में अब महापौर और नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष सीधे चुने जाने के प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करके मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और प्रदेश सरकार की कैबिनेट को धन्यवाद दिया है।

श्री देव ने कहा, प्रत्यक्ष चुनाव की यह प्रणाली पहले भी थी लेकिन कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने बदनीयती से इसको बदला था और उस बदनीयती का भुगतान सभी जगह जनता कर रही है। रायपुर ने भी इसका बहुत भुगतान किया। यहां के महापौर अपने पूरे कार्यकाल में निष्क्रिय रहे। वे थोपे गए महापौर थे। उन्हें जनता ने नहीं, भूपेश बघेल ने चुना था। अब जब जनता सीधे महापौर चुनेगी तो विकास को गति मिलेगी। श्री देव ने कहा, प्रदेश की जनता ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को विजयी बनाकर यह साफ संदेश दिया है कि कांग्रेस अब छत्तीसगढ़ की राजनीति में पूरी तरह अविश्वसनीय व अप्रासंगिक हो चली है। केवल और केवल भ्रष्टाचार करने और छत्तीसगढ़ को 10 जनपथ का एटीएम बनाने की बदनीयती से प्रेरित होकर कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपना प्रतिनिधि चुनने के जनता के लोकतांत्रिक अधिकार पर जो डाका डाला था, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने उस कलंक को मिटाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

## खबर संक्षेप




### घूम-घूमकर मोबाइल लूटने वाला हिस्ट्रीशीटर पकड़ा गया

**रायपुर** । अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घूम-घूमकर मोबाइल लूटने के आरोप में खम्हारडीह पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटे गए 11 मोबाइल जब्त किए हैं। जब्त मोबाइल की कीमत तीन लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने जिस बदमाश को गिरफ्तार किया है, वह मूलरूप से उत्तरप्रदेश, मौदहा निवासी है और वह वर्तमान में खमतराई में रह रहा है। पुलिस के मुताबिक, मोबाइल लूट के आरोप में शहजादा अली उर्फ भिंडी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आरचा प्रवीण नाम की एक युवती ने रविवार को मोबाइल लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। बदमाश क्रिस्टल आर्किड के पास युवती के हाथ से मोबाइल लूटकर भागा था। बदमाश को पुलिस ने घटनास्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शहजादा पूर्व में भी चोरी, मारपीट तथा लूट के आरोप में जेल जा चुका है।

### खेमड़ा जांच चौकी में 140 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद**। जिले में अवैध धान भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर सतत कार्रवाई जारी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा उमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में मंडी इंस्पेक्टर ने खेमड़ा जांच चौकी पर बड़ी कार्रवाई की है।
बीती रात मंडी इंस्पेक्टर सिदार और साजिद खान की उपस्थिति में रजन यादव, निवासी टरबोड़ा, नुआपाड़ा (ओडिशा) से 140 कट्टा धान जब्त किया गया। रजन यादव द्वारा दो अलग-अलग वाहनों के माध्यम से 70-70 कट्टा धान अपने घर से खेमड़ा ले जाया जा रहा था। जांच के दौरान रंजन यादव परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहे, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई। जिले में अवैध धान व्यापार पर प्रशासन की सख्त नजर है, और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### जन चौपाल में प्राप्त हुए 47 आवेदन

**महासमुंद**। जिला कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में आज जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों द्वारा अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा गया। सीईओ जिला पंचायत एस आलोक ने बारी-बारी से लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आपत्ति करने वाली छात्रा को मिली रेडियो डायग्नोसिस की सीट, आवंटन सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बोनस अंक देने में कोताही बरते जाने की शिकायत करने वाली छात्रा को रेडियो डायग्नोसिस की सीट मिली है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सोमवार को एमडी-एमएस की संशोधित आवंटन सूची जारी कर दी है। इसके लिए स्क्रूटनी और प्रवेश की अंतिम तारीख पांच दिसंबर तय की गई है।

दो दिन पहले विभाग की ओर राज्य की मेरिट लिस्ट जारी की गई थी और आज लिस्ट के आधार पर सीटों का अलॉटमेंट जारी किया गया। टॉप टेन की प्रावीण्य सूची से डॉ. यश का नाम हटाया गया है और दसवें नंबर पर डॉ. अपूर्वा चंद्राकर को शामिल कर उन्हें रेडियो डायग्नोसिस की सीट का अलॉट किया गया है। शेष छात्रों के सीट आवंटन में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। 216 लोगों की संशोधित सूची के आधार पर 5 दिसंबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद दूसरे राउंड के एडमिशन पर काम शुरू किया जाएगा। इस बार राज्य में शासकीय निजी मेडिकल कालेज में राज्य की करीब 316 सीटें हैं जिन पर एडमिशन दिया जाना है।

### एमडी-एमएस की सीटों का अलॉटमेंट, पांच दिसंबर तक प्रवेश

**यह था मामला**

दूरगामी स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा देने वाले चिकित्सा छात्रों को शासन द्वारा पीजी प्रवेश के लिए बोनस अंक देने का प्रावधान है। इसमें संबंधित छात्र को 30 अंक प्रदान कर दिया गया था। आपत्ति आई थी कि सेवा के अनुसार छात्र 16 अंक के लिए पात्र है। जांच के दौरान यह त्रुटि सामने आई जिसे सुधार दिया गया था। तब तक चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा सीट अलॉटमेंट के बाद एडमिशन देना भी शुरू कर दिया गया था। मामला सामने आने बाद मेरिट लिस्ट और आवंटन सूची को रद्द किया गया।



**संबंधित छात्र को दूसरे राउंड में सीट**

जिस छात्र को ज्यादा बोनस अंक दिए जाने की आपत्ति आई थी उसे पहले राउंड में सीट का आवंटन नहीं हो पाया है। सूत्रों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट और आवंटन सूची को निरस्त किया गया था। मगर दूसरी बार च्वाइस फीलिंग नहीं कराया गया था इसलिए छात्र को विषय चयन का मौका नहीं मिल पाया। रैंक के आधार पर उसे दूसरे राउंड में सीट आवंटित की जाएगी।

### राज्य के सभी वनमंडल में तैनात होंगे स्निफर डॉग

# वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए एनजीओ की मदद तीन दिन के अंदर तय करने होंगे डॉग हैंडलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


**खास खबर**

वन्यजीवों की रखा के लिए खासकर बाघों की सुरक्षा के लिए राज्य के सभी वनमंडलों में डॉग स्कवाड तैनात किए जाएंगे। इस संबंध में वन मंडलों को सात दिन के भीतर जवाब देने वन मुख्यालय (वन्यजीव) ने निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही मुख्यालय ने तीन दिन के भीतर सभी वनमंडलों को अपने क्षेत्र में डॉग हैंडलर के नाम तीन दिन के भीतर देने के निर्देश दिए हैं। जिन्हें भी डॉग हैंडलर बनाया जाएगा, उन्हें ट्रेनिंग के लिए बाहर भेजा जाएगा। वन मुख्यालय के निर्देश के मुताबिक अगले वर्ष जनवरी माह में सभी वनमंडलों में डॉग स्कवाड का गठन किया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य के सूरजपुर गोमर्डा अभयारण्य में दो साल के भीतर तीन बाघ की शिकार की घटनाएं सामने आई है। राज्य में बाघों के साथ अन्य वन्यजीवों की लगातार शिकार की घटनाएं सामने आती रहती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए एनजीओ की मदद लेगी। इस संबंध में मुख्यालय ने सभी वनमंडल को पत्र जारी किया है।

### वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए 14 बिंदु तय किए गए

*सात दिन के भीतर क्षतिपूर्ति : जन हानी, पशु हानी तथा घायलों को सात दिन के भीतर क्षतिपूर्ति राशि आबंटित करने वन मुख्यालय ने निर्देश जारी किया है। सात दिन के भीतर क्षतिपूर्ति राशि नहीं देने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। उल्लेखनीय है समय पर क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिलने पर लोग गुस्से में आकर वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाते हैं, इस वजह से पीड़ित पक्ष को सात दिन के भीतर क्षतिपूर्ति राशि जारी करने निर्देश दिए गए हैं।*



**वन अपराध रोकने पेट्रोलिंग वाहन**

वन्यजीवों की शिकार रोकने सभी वनमंडलों के सामान्य तथा अभयारण्य में पेट्रोलिंग वाहन दी जाएगी। पेट्रोलिंग वाहन में रोस्टर के हिसाब से पेट्रोलिंग की जाएगी। संवेदनशील वन क्षेत्र जहां ज्यादा शिकार की घटानाएं घटित होती है, उन वनक्षेत्रों को चिन्हाकिंत कर विशेष रूप से ध्यान देने निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वनकर्मी तथा वन अफसरों को वन अपराध रोकने प्रशिक्षण देने की बात कही गई है।

**मुखबिर तंत्र मजबूत करने निर्देश**

वन मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक वन अपराध रोकने मुखबिर तंत्र को मजबूत करने के साथ मुखबिरों को समय पर भुगतान करने निर्देश दिए गए हैं। मुख्यालय द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक मुखबिरों के लिए मुख्यालय से जो राशि आबंटित की जाती है, कई वनमंडल उक्त राशि खर्च ही नहीं कर पाते।

**नियमित देनी होगी बाघ की खैरियत रिपोर्ट**

वन मुख्यालय द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक टाइगर रिजर्व के साथ किसी अन्य वनमंडल में बाघ के मूवमेंट की जानकारी मिलने पर उसकी नियमित ट्रैकिंग करने निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही टाइगर रिजर्व में गश्त करने वाले कर्मचारियों को अपने अफसरों के माध्यम से डीएफओ के पास बाघ की नियमित खैरियत रिपोर्ट देने निर्देश जारी किए गए हैं। इसी तरह से शिकारियों द्वारा बिछाए जाल को ट्रेस करने रोस्टर बनाकर एनजीओ की मदद से एंटी स्नेयर वाक अभियान सतत जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## भारती खेमानी मामले में पीड़ित परिवार 10 दिसंबर को न्याय मांगने करेगा कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ इलाज में लापरवाही तय करने ढाई महीने में नहीं बनी जांच रिपोर्ट

सितंबर माह में टाटीबंध निवासी भारती खेमानी की मौत इलाज में लापरवाही के चलते एमएमआई में हो गई थी। मामले को लेकर पीड़ित पति मुकेश खेमानी और उनके बेटे ने मांग की है कि हम जहां-जहां लोगों ने बताया वहां-वहां न्याय की गुहार लगा चुके हैं। इसके बाद भी स्थिति यह है कि घटना होने के ढाई महीने बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं मिली। इससे अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ हम अपराध दर्ज नहीं करवा पाए हैं।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान श्री खेमानी ने बताया कि मेरी पत्नी की मौत का सौदा किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन अपने लोगों के जरिए लेन-देन करके समझौता करने के लिए तीन बार प्रयास किया। इतना ही नहीं इस घटना को टालने के लिए परिवार के लोगों ने समझौता कर लिया है, यह अफवाह भी उड़ाई जा रही है। हम पिता-पुत्र यह बताने आए हैं, कि हमें पैसा नहीं, बल्कि न्याय चाहिए। अगर समय रहते जांच रिपोर्ट नहीं दी गई, तो हम सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। इस कड़ी में 10 दिसंबर को हमने जयस्तंभ चौक से स्वास्थ्य मंत्री निवास तक कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया है।

## एकता खंडित करने वालों की सदस्यता खत्म, 6 साल नहीं लड़ सकते चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज में कुछ दिनों पहले एक नया संगठन बनाने व समाज के विघटन से लोगों में आक्रोश का माहौल था। सभी की जुबान पर एकता को खंडित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठ रही थी। इसे देखते हुए रविवार को मां परमेश्वरी भवन सत्यम विहार में विशेष आमसभा की गई। इसमें समाज को बांटने वालों की सक्रिय सदस्यता 6 साल के लिए खत्म करने का निर्णय लिया गया। ऐसे लोग अब चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे।

प्रदेश देवांगन कल्याण समाज क्रमांक 2338 के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा देवांगन समाज के लोग हैं। सभी देवांगन कल्याण समाज के साथ हैं। कुछ दिनों पहले कुछ लोगों ने अलग संगठन तैयार करके समाज की एकता को खंडित करने का प्रयास किया है। इसे देखते हुए जिला अध्यक्षों, संरक्षकों, सलाहकार मंडल और आम लोगों से सलाह ली गई। सभी की सहमति से आमसभा में प्रस्ताव लाया गया की समाज के नियमों का पालन नहीं करने वाले, समाज विरोधी कार्यों में शामिल होने वाले और समाज को खंडित करने वालों पर कार्रवाई हो। इसमें सर्व सहमति से निर्णय हुआ कि प्रदेश देवांगन कल्याण समाज उनकी सदस्यता को 6 साल के लिए खत्म करें। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है, ऐसे लोग 6 साल तक न समाज का चुनाव लड़ सकेंगे और उन्हें अन्य राजनीतिक चुनाव में देवांगन समाज समर्थन देगा।

## बांगड़ पब्लिक स्कूल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस पर मंगलवार को बांगड़ पब्लिक स्कूल में विविध जागरूकता और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा ग्राम सेम्हराडीह में जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि दिव्यांगजनों को हर क्षेत्र में कठिनाइयों एवं परिहास का सामना करना पड़ता है, जिसे देखकर हमारे मन में सहानुभूति नहीं, बल्कि समान अधिकार और साथ की आवश्यकता है। इस अवसर पर बांगड़ पब्लिक स्कूल में ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता को चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षिका सुश्री हेमकुमारी पटेल और कला शिक्षक शंकर प्रसाद दास के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय के निदेशक राजेश सरकार ने इन प्रयासों को सफल बनाने में सभी सहभागियों का धन्यवाद देते हुए इस तरह के कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया।

## धमनी में हुई स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विगत दिनों पलारी के वन ग्राम धमनी में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के बैठक में एमटी कुमारी मीना चौहान द्वारा साफ–सफाई के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई तथा रोग मुक्त धमनी बनाने को जोर दिया गया।

गांव के गली मुख्य मार्ग के साथ साथ हैण्डपम्प में साफ–सफाई रखने सजग रहने के कारण धमनी में संक्रमण रोग नहीं आने के उपलक्ष्य में वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा सराहना की गई। सरस्वती समुह द्वारा मांग रखी गई कि उन्हें दस्ताना, झाडु, चश्मा और ड्रेस उपलब्ध कराए जाए। इस संबंध में ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच पितर बाई पैकरा, उपसरपंच मिनेंद कुमार यादव को जानकारी दी गई है कि शीघ्र ही पंचायत द्वारा स्वच्छता समुह की मांग को पूरा करने कार्रवाई करेंगे।

बैठक में सचिव दीनदयाल कनौजे, आरएचओ संजय पैकरा, मितानिन लछनी बाई यादव, अक्ती पटेल, स्वच्छता समिति सरस्वती महिला सहायता समुह धमनी के समुह की अध्यक्ष राधिका कलिहारी, शारदा यादव, आशमति निषाद, दुलौरिन यदु, संतोषी कलिहारी, जमुना धनुहार, बृजबाई धनुहार, रमेश्वरी केंवट, सरोज धनुहार, बसंती धनुहार, शांती धनुहार, जामबाई धनुहार, केंवरा बाई धनुहार आदि उपस्थित थीं।

### पीएम आवास योजना के सर्वे पर महापौर कर रहे अनर्गल बयानबाजी

**रायपुर**। पीएम आवास योजना के सर्वे पर महापौर एजाज ढेबर द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि महापौर अर्नगल बयानबाजी कर रहे हैं। महापौर नहीं चाहते कि गरीब के सिर पर पक्का मकान हो, इसलिए इस सर्वे को लेकर वे गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत हितग्राहियों के सर्वे का काम प्रारंभ हुआ है। इसके तहत रायपुर शहर में भी सर्वे किया जा रहा है कि कौन से हितग्राही किस-किस घटक की पात्रता रखते हैं। इस सर्वे के आधार पर संबंधित कंसलटेंट द्वारा डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाएगा।

## डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में शिक्षा मेला लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अमेरा

डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सकरी में शिक्षा मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में कक्षा केजी 1 से 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कला और हस्तकला से संबंधित प्रोजेक्ट्स और मॉडल्स ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। मेले का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता और शिक्षण के प्रति रुचि बढ़ाना था। मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और शिक्षा को समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया। कार्यक्रम में अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## बंधक बनाकर बदमाश ने की लहूलुहान होते तक पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



तेलीबांधा थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश पर एक व्यक्ति को बंधक बनाकर बुरी तरह से लहूलुहान होते तक पिटाई करने का मामला सामने आया है। बदमाश ने क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया। अधेड़ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पंडरी निवासी भक्त प्रहल्लाद मानिकपुरी की शिकायत पर दीप सिंह नामक लड़के के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया गया है। भक्त प्रहल्लाद कलेक्टर कार्यालय में चपरासी के पद पर कार्यरत है। भक्त प्रहल्लाद ने पुलिस को बताया है कि 30 नवंबर को वह अपने दोस्त राजेश जगवानी के काशीराम नगर स्थित मकान में गया था। राजेश का एक दिसंबर को जन्मदिन था, इसलिए वह उसके साथ डोंगरगढ़ जाने की तैयारी कर रहा था। इस दौरान भक्त प्रहल्लाद तथा राजेश ने शराब का सेवन कर लिए और डोंगरगढ़ जाना कैंसिल कर भक्त प्रहल्लाद राजेश के घर में रुक गया।

## पेज 9 के शेष

### विधायक अनुज ने ...

क्षेत्र के 22 पंचायतों में 2 करोड़ लागत से सड़क निर्माण, समग्र विकास योजना अंतर्गत 1 करोड़ के लागत से सीसी रोड निर्माण सामुदायिक भवन निर्माण, मंडी बोर्ड निधी से 13 पंचायतों में 575 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कराया गया। प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के संबंध में उन्होंने कहा मेरे विधान सभा क्षेत्र में तीन थानों में अवैध शराब के खिलाफ एक साल में करीब 1700 से अधिक मामले बनाकर कार्रवाई की गई। वहीं लॉ एंड आर्डर की स्थिति में जीरो टाइगर्स नीति कार्य किये जाने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर के साथ साथ–साथ भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नेताम बने बिलाईगढ़...

जमगहन संकुल समन्वयक प्रश्नन चंद्रा, समन्वयक नरेंद्र तोमर, शिक्षक युधिष्ठिर राज, कमलेश साहू, प्रकाश साहू, बीआर पी अजित पटेल, शिक्षक राम प्रसाद सोनवानी आदि ने बधाई दी।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▸ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# भगवान के चरण जहां-जहां पड़े वे सभी पावन धाम, रामायण मेला में सभी तीर्थों को प्रणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आदर्श के रुप में देवताओं का अवतरण, समृद्ध तथा स्वच्छ समाज की स्थापना में मूल्यों का निर्धारण सनातन संस्कृति की प्रमुख पहचान है। भगवान राम का भारत की धरा पर अवतरण एवं अपनी लीलाओं के माध्यम से अधर्म के नाश तथा धर्म की स्थापना का संदेश भारतीय संस्कृति में अहम ख्याति है। भगवान के चरण जहां-जहां पड़े वे धाम के रुप में उल्लेखित हो गये। उन्हीं के आदर्शों एवं स्थापित जीवन मूल्यों को आधार बनाकर समय-समय पर मूल्यों के प्रचार-प्रसार एवं जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विविध आयामों की भी संरचना हुई। डॉ. राम मनोहर लोहिया की संकल्पना राष्ट्रीय रामायण मेला भी उसी प्रयास का एक महत्वपूर्ण आयाम है, जिसके तहत विविध भावों से रस संचार एवं राममय संस्कृति का प्रसार हुआ।

## विविध प्रस्तुतियों के साथ विधायक के आतिथ्य में हुआ समापन



### संत विद्वानों का विधायक ने किया सम्मान

विभिन्न प्रदेशों से आये विविध व्यक्तित्वों द्वारा प्रस्तुति दी गई। आयोजन में विभिन्न माध्यमों से समूचा क्षेत्र भागीदारी निभाता हुआ नजर आया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति रही। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उनका सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। बाहर से आये संत विद्वानों का सम्मान विधायक द्वारा किया गया, उसके उपरांत विविध क्षेत्रों में अहम योगदान देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान विधायक इन्द्र साव द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र से किया गया, जिनमें साहित्यकार बलदेव भारती, समाजसेवी अरुण बंटी छाबड़ा, मेघा वर्मा, वीरेन्द्र मानसरोवर, गुलशन वर्मा, नभनारायण साहू, डॉ. वीणा साहू, संजय अग्रवाल, संकेत अग्रवाल का सम्मान विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए किया गया। उद्बोधन में विधायक इन्द्र साव द्वारा विभिन्न प्रदेश से आये हुए विविध क्षेत्रों के व्यक्तित्वों का भाटापारा की धरा में स्वागत करते हुए रामायण मेला आयोजन की सराहना एवं आयोजक मंडल को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

**भाटापारा में शुभारंभ हुआ आयामः** भगवान राम के ननिहाल माता कौशल्या धरा छत्तीसगढ़ तथा धार्मिक आयोजनों के रूप में ख्याति प्राप्त भाटापारा में राष्ट्रीय रामायण मेला समिति के माध्यम से राष्ट्रीय रामायण मेला ने मूर्त रुप ग्रहण किया तथा स्थानीय यज्ञ स्थल नाका नंबर एक में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक भव्य आयोजन की छटा बिखरी। विभिन्न प्रदेशों से आये संत विद्वान तथा सांस्कृतिक दलों का समागम क्षेत्र के वातावरण को राममय रहा। भंवर सिंह साहू, मुकेश शर्मा, कविता शर्मा, डॉ. वीणा साहू तथा डॉ. सीमा अवस्थी के सफल एवं कुशल संचालन में चार सत्रों में आयोजित इस भव्य आयोजन में भजन सभा, विद्वानों की परिचर्चा, संत वाणी तथा संध्या विविध सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। आयोजन का उद्घाटन पूर्व विधायक प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन द्वारा किया गया। तीन दिवसीय आयोजन में सपाद लक्षेवर धाम सलधा श्रीमज्जयोतिमर्यानन्द सरस्वती तथा राम रूप दास महात्यागी की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### डॉ राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी गई

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति व महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर ज्ञान गंगा विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर नमन किया इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणी सारथी, दीपा कुर्रे, वर्षा सारथी उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी मुकेश चंद्राकर ने दी।

### स्कूल के बच्चों को सिखाया गया धनमौरी बनाना

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक तथा प्राथमिक शाला खट्टी के विद्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी धनमौरी बनाना सिखाया गया। प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल के निर्देशन में छात्रों को प्रोजेक्ट वर्क के रूप में धनमौरी बना कर जमा करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयीन कार्यक्रमों में जन समूह को जोड़ा जाता है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रुप में भागवत जगत भूमिल, लीना पांडेय, त्रिवेणी कोसरे, त्रिवेणी चंद्राकर, अंजूम शेख, देवकुमारी ध्रुव, गौरी बाई ध्रुव, सेवती मानिकपुरी उपस्थित रहीं। जबकि, छात्रा प्रशिक्षक के रुप में झरना ध्रुव, प्रियंका ध्रुव, हेमलता साहू तथा पूजा ध्रुव ने बड़े ही मनोयोग से अपने सहपाठियों को धनमौरी कला को सिखाने में कठिन परिश्रम किया। धनमौरी बनाने के लिए धान की बालियों की व्यवस्था अध्यक्षा आस्था साहू, उपाध्यक्ष रामभरोसा साहू एवं रसोइया गंगा प्रसाद साहू ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में अभिषेक सालोमन, अशोक साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, सिराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### निधन

**राम बाई अग्रवाल**

खरोरा। स्थानीय निवासी राम बाई अग्रवाल 90 वर्ष का मंगलवार निधन हो गया। उनका अंतिम



संस्कार दोपहर 2 बजे स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा नगरवासी शामिल हुए। वे जुगल किशोर अग्रवाल, संघ बृज अग्रवाल की माता, निशीत अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, विकास अग्रवाल व गोपू अग्रवाल, शंशाक अग्रवाल, शिशिर अग्रवाल की दादी थीं।

## रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया से भी की भेंट

# केंद्रीय मंत्रियों से मिले शिवरतन, क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शीघ्र ही कुछ प्रमुख यात्री ट्रेनों का स्टॉपेज मिलेगा। इस बाबत उन्होंने सोमवार को दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। उक्त बातें प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने दिल्ली से दूरभाष पर चर्चा करते हुए कही।

विदित हो की प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा 1 से 4 दिसंबर तक 4 दिनों के दिल्ली प्रवास पर है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर भाटापारा स्टेशन में रेल यात्री सुविधा बढ़ाने की दृष्टिकोण से भाटापारा में बहुप्रतीक्षित यात्री ट्रेनों का ठहराव के लिए मांग पत्र सौंपा है, इसमें मुख्य रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख यात्री गाड़ियों का जिक्र है। इस पर रेल मंत्री ने भाटापारा स्टेशन में ठहराव स्वीकृत करने का भरोसा शिवरतन शर्मा को दिया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भाटापारा स्टेशन की भौगोलिक स्थिति, स्टेशन की आय, यात्री संख्याओं और सुविधाओं को लेकर भी रेल मंत्री को चर्चा की।

शिवरतन ने रेल मंत्री हथबंद रेलवे स्टेशन पर कोरोना कॉल के समय से बंद बिलासपुर-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस के ठहराव संबंधित मांग पत्र सौंपा है। अपने दो अलग अलग मांग पत्र पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने रेल मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने दूरभाष पर चर्चा करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता रेल यात्री सुविधाओं में वृद्धि की मांग करते आ रही थी। हमेशा की तरह जनता के हितों के लिए दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री से भेंट की है।



### 50 बिस्तर क्रिटीकल केयर अस्पताल स्वीकृत करने के लिए धन्यवाद दिया

शिवरतन शर्मा ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय खेल, श्रम, रोजगार एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया से भी मुलाकात कर उन्हें पूर्व में मंडाविया द्वारा भाटापारा में 13 करोड़ की लागत से बन रहे 50 बिस्तर क्रिटीकल केयर अस्पताल स्वीकृत करने के लिए धन्यवाद दिया। शिवरतन शर्मा ने दूरभाष पर चर्चा के दौरान इस विषय में भी बताया कि मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उनकी मांग पर भाटापारा में 50 बिस्तर अस्पताल की मांग को पूरा किया था और उनके द्वारा स्वीकृत अस्पताल का निर्माण कार्य तीव्रता से जारी है, जिसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री का आभार के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण विषयों को लेकर भी मंत्री से चर्चा की है, जिस पर उन्होंने शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक अजय चन्द्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह भी साथ उपस्थित थे।

## शपथ ग्रहण में शामिल होने शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को दिया न्योता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से लंबी चर्चा के दौरान राष्ट्र निर्माताओं से विकसित भारत के तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य आतिथ्य के रूप में आने की सहमति प्रदान की।

उन्होंने बहुप्रतीक्षित प्राचार्य पदोन्नति के बारे में कहा कि सरकार इस पर गंभीर है और शीघ्र ही प्रदेश के स्कूलों में प्राचार्य के पद भरे जाएंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की ओर से प्रतिनिधि मंडल के रूप में बीएल चंद्राकर, रामकुमार साहू, बुद्धेश्वर कुमार कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## न्योता भोज में बच्चों को मिली खीर-पूरी



**खरोरा।** शासकीय नवीन प्राथमिक मोहरेंगा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत दामिन साहू द्वारा अपने जन्मदिन पर न्योता भोज में खीर, पूरी और सब्जी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उत्तरा वर्मा, अरुणा मानिकपूरी, जमुना साहू एवं राजेन्द्र कुमार वर्मा उपस्थित थे।

## रमतला में रासेयो शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम रमतला के प्राथमिक शाला में शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईश्वर भारती, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच छतराम भारती एवं अरुण कुमार साहू प्राचार्य के अध्यक्षता में किया गया। शिविर में प्रतिदिन प्रातः 8.15 से 12 बजे तक गली, तालाब, हैंडपम्प कुआं, विद्यालय परिसर, चबूतरा निर्माण, सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई व बौद्धिक कार्यक्रम,सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8 से 10 बजे तक होगा। इस अवसर पर नील कुमार चेलक, एमसी साहू, मोतीलाल साहू, बीएल डडसेना, डीके साहू, एमएल पटेल, आरएस साहू, जितेन्द्र चौधरी, एमएल साहू, देवमती रात्रे, अनीता टण्डन, युगेश्वरी साहू, मीरा लहरे, हेमन्त साहू, शिखा निषाद, आकांक्षा कैवर्त, देवांशी जायसवाल, भावना जायसवाल एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी एचआर कुर्रे एवं आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी व्हीपी साहू द्वारा किया गया।

## भागवत कथा के श्रवण से जीवन में सभी कष्टों से मिलती है मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भागवत कथा को सुनने से व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हर दोष नष्ट होता है। आत्मिक ज्ञान की प्राप्ति व सांसारिक दुखों से मुक्ति मिलती है। उक्त बातें ग्राम केशला में देवांगन परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान कथावाचक पं. रामकृष्ण दास शास्त्री द्वारा कही गई। ब्यास पीठ से व्यास जन्म, परीक्षित जन्म और वाराह अवतार की कथा



विस्तार से बताते हुए ब्यास ने कहा कि भागवत सभी पापों से मुक्त कर भगवत प्राप्ति कराने वाला पुराण है। उन्होंने भक्तों को 24 अवतारों की कथा सुनाते हुए भागवत कथा सुनकर ज्ञान को जीवन में उतारने की सलाह दी।

परीक्षित जन्म में बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित जैसे धर्मात्मा राजा को गलती से ब्राह्मण का अपमान करने से श्राप को भुगतना पड़ा, सोचो जो लोग जानबूझकर ब्राह्मण एवं सन्तों का अपमान करते हैं उनकी क्या गति होगी। भागवत कथा 2 से 10 दिसबंर तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक आयोजित भागवत कथा का रसपान करने आसपास श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## खरोरा पेंशन संघ के पदाधिकारियों सूची जारी

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती द्वारा खरोरा पेंशन संघ की सूची जारी करते हुए गोपालदास पड़वार अध्यक्ष निर्वाचित करते हुए पेंशनर्स समाज खरोरा को प्रांतीय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया। जारी सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा खरोरा जिला रायपुर की कार्यकारिणी में अध्यक्ष गोपालदास पड़वार, उपाध्यक्ष नंदकुमार भास्कर, उपाध्यक्ष डोमार सिंह नायक, उपाध्यक्ष महेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष सीताराम यादव, संरक्षक श्यामसुन्दर बांधे, बिसाहू राम बघेल, के. आर वर्मा, संयोजक अंबिका कालाल प्रसाद वर्मा,महामंत्री, तुलसीराम वर्मा कोषाध्यक्ष, भूपेंद्र कुमार नायक सलाहकार, भूपेंद्र नायक सलाहकार,तारन सिंह नायक, सलाहकार रामनाथ साहू प्रवक्ता ,बलदाऊ प्रसाद वर्मा अंकेक्षक, हरिश्चंद्र देवांगन सचिव, सुरेंद्र कुमार वर्मा सह सचिव सुरज रतन सिन्हा, संगठन सचिव काशीराम निषाद, कार्यकारिणी सदस्य चंद्रशेखर भारद्वाज,बलदाऊ प्रसाद, बुधेश्वर प्रसाद, नरेश सिंह वर्मा, चन्द्रभूषण धुरंधर, एम.एस. अंसारी, बाबूलाल गेन्डरे, झम्मन लाल, श्यामदास बघेल को शामिल किया गया है। इस नियुक्ति पर तहसील शाखा खरोरा के सीताराम यादव, खोरबाहरा राम वर्मा, तुलसी राम वर्मा, नन्दकुमार भास्कर, महेश कुमार वर्मा, हरिशचंद्र देवांगन, भूपेन्द्र कुमार नायक, रामनाथ साहू, अम्बिका प्रसाद वर्मा, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, बलदाऊ प्रसाद वर्मा, वैसाखू राम साहू, ब्यास नारायण एवं रमाकांत ने प्रांताध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

## प्रधानपाठक से सेवानिवृत राजेश्वर प्रसाद को स्कूल प्रबंधन ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौटी प्रांगण में मंगलवार को प्रधान पाठक राजेश्वर प्रसाद सेन के सेवानिवृत्ति पश्चात विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत चरौटी के गणमान्य नागरिक, शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष जीवराखन मानिकपुरी व सदस्य भूषण सिंह पैंकरा, माखन ध्रुव, पुरुषोत्तम पैंकरा आदि सदस्य उपस्थित रहे। श्री सेन पूर्व माध्यामिक शाला चरौटी में 2011 से प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनके कार्यकाल के बारे में शिक्षक मनोज रत्नाकर ने विस्तार से विवरण करते हुए कहा कि चरौटी के इतिहास में एक विशेष स्थान रखेगा, क्योंकि आज हमने अपने मार्गदर्शक राजेश्वर प्रसाद सेन को विदाई दी है। विदाई समारोह के दौरान ग्राम के पालकों एवं शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने अपने विचार और भावनाएं व्यक्त की। हर किसी की आंखों में प्रधान पाठक राजेश्वर सेन के प्रति आदर और स्नेह स्पष्ट झलक रहा था।

### बच्चों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से दी प्रस्तुति

इस अवसर पर शालेय बच्चों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से प्रस्तुति दी। श्री सेन ने विदाई भाषण में अपनी भावनाएं साझा करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मोहन धीवर, सुरेन्द्र बंजारे, पुष्पा बंजारे, मनोज रत्नाकर, रिद्धी साहू, स्वाति मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, फूलमती सिंह, बसन्ती, गजेन्द्र, शिक्षक शिक्षिका व समस्त एमडीव्ही बलौदा बाजार संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सिमगा में भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो कार्यालय का शुभारंभ



**सिमगा।** नगर के मंड़ी प्रांगण के समीप मंगलवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोध ब्यूरो कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इसमें राष्ट्रीय प्रभारी घासीदास भारद्वाज के साथ उनकी टीम द्वारा मानव अधिकार की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नव पदस्थ पदाधिकारियों को पहचान पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सुरेन्द्र यादव को बलौदाबाजार जिला का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही साथ 4 ब्लॉक अध्यक्षों भाटापारा ब्लॉक से खुमान सिंह वर्मा, बलौदाबाजार से रामकुमार साहू, सिमगा से जितेन्द्र जैन एवं खरोरा से गोवर्धनलाल कन्नौजे को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समन्वयक सुभाषचन्द्र दिवाकर, माखनलाल साहू, भाटापारा के साथ अजय मशीह, जिला महासचिव बलौदाबाजार की विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से थाना प्रभारी सिमगा योगिता बाली खापर्डे, गोपीचंद कुर्रे, प्रभुदास मलाखी, जितेन्द्र साहू, गिरजा प्रसाद मांडले, कामेश निर्मलकर, मिलन आडिल आदि उपस्थिति थे।

## पर्यावरणीय प्रदूषण नियंत्रण के लिए संयंत्र की पहल

# संयंत्र में चलेंगी हेवी ड्यूटी ई-वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स द्वारा सस्टेनिबिलिटी एवं जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए सोमवार को संयंत्र में रॉ–मटेरियल, क्लिंकर, सीमेंट आदि परिवहन के लिए हेवी ड्यूटी ई–वाहनों को चलाने की शुरूआत की गई। इसमें संयंत्र इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने उद्बोधन में कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड दीर्घकालिक औद्यौगिक स्थिरता के प्रति हमेशा से ही प्रतिबद्ध रही है एवं दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता के साथ–साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरणीय प्रदूषण नियंत्रण व पारिस्थिक तंत्र के प्रति भी ध्यान दे रही है और इसके साथ




ही कार्बन उत्सर्जन को कम करके बिजली जैसे ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण काम कर रही है। परियोजना प्रमुख केशव नागूरी ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स छत्तीसगढ़ में अल्ट्राटेक की पहली सीमेंट इकाई है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने जा रही है, ताकि कार्बन फूटप्रिंट और अनवीनीकृत संसाधनों के दोहन को कम किया जा सके। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से परिचालन लागत में कमी, पर्यावरणीय दुष्प्रभाव में कमी, लॉजिस्टीक और फ्लीट प्रबंधन की गुणवत्ता में वृध्दि, ऊर्जा स्वतंत्रता और लचीलापन, विनियामक अनुपालन और प्रोत्साहन, तकनीकी नवाचार और नेतृत्व, विद्युतीकरण की ओर वैश्विक बदलाव आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। संयंत्र के तकनीकी प्रमुख अभिजीत जोशी ने संयंत्र परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रहे पौधारोपण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए हमें संयंत्र परिसर को हरा–भरा बनाना होगा। जैव विविधता जितनी समृद्ध होगी, पर्यावरण उतना ही संतुलित और सामंजस्यपूर्ण होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक मिश्रा, सिविल प्रमुख प्रीतम जक्कनवार, हॉर्टिकल्चर से इंदु जांगड़े, लॉजिस्टिक हेड देवकांति गांगुली एवं तकनीकी विभाग से सुमीत सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।